# उद्यमियों का सम्मान

**25** उद्यमियों को कार्यक्रम में किया गया सम्मानित

स्वरोजगार की दिशा में लघु और मध्यम उद्यमियों की अहम भूमिका है। इस सेक्टर का भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। दैनिक जागरण की इस पहल से निश्चित रूप से उनको उत्साह बढ़ेगा। – **संजय प्रधान,** आइसीसी मीडिया

दैनिक जागरण III
नई दिल्ली, 29 सितंबर, 2022
www.jagran.com
मीडिया मार्केटिंग इनिशिएटिव


क्वालिटी स्टील्स के मदनलाल व असीम बंसल को केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने किया सम्मानित ● जागरण


आइसीसी मीडिया की टीम कार्यक्रम में सहयोग के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह व सांसद मनोज तिवारी ने किया सम्मानित ● जागरण


भवानी फायर प्रोटेक्शन के निदेशक हितेश कुमार शर्मा व एमडी जितेंद्र कुमार शर्मा को केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह व सांसद मनोज तिवारी ने सम्मानित किया ● जागरण


मैक्जिम ई-व्हीकल के अतुल कुमार छ्चान और सुरेश छ्चान को केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने किया सम्मानित ● जागरण


फ्यूजन इंडस्ट्रीज के मार्केटिंग डायरेक्टर करण चांदना और यूनिक चांदना को केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह ने किया सम्मानित ● जागरण


जिपस्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक संजय सिंह, निदेशक अजय सिंह और समीर सिंह को केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने सम्मानित किया ● जागरण


अबेक्समैटिक हाइड्रौलिक्स के एमडी सुरेंद्र कुमार शर्मा को केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह व सांसद मनोज तिवारी ने किया सम्मानित ● जागरण


प्रयाग स्टील रोलिंग मिल्स के एमडी हेमंत बट्टा को केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने किया सम्मानित।



नोएडा सेक्टर-18 स्थित रेडिसन ब्लू होटल में दैनिक जागरण द्वारा आइसीसी मीडिया के सहयोग से आयोजित प्लेटिनम बिजनेस अवार्ड में सम्मानित होने वाले उद्यमी साथ में मौजूद केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह और सांसद मनोज तिवारी ● जागरण

### केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह और सांसद मनोज तिवारी ने उद्यमियों का बढ़ाया उत्साह

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों को दैनिक जागरण ने किया पुरस्कृत

**जागरण संवाददाता, नोएडा :** लघु और मध्यम उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए दैनिक जागरण की ओर से आइसीसी मीडिया के सहयोग से प्लेटिनम बिजनेस अवार्ड का आयोजन किया गया। एक पांच सितारा होटल में आयोजित अवार्ड समारोह में दिल्ली-एनसीआर के 25 उद्यमियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री सेवानिवृत्त जनरल वीके सिंह और विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी दिल्ली के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद मनोज तिवारी ने उद्यमियों को प्लेटिनम बिजनेस अवार्ड देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने कहा कि गुणवत्ता ही आपके उद्यम की ब्रांड एंबेसडर है। समारोह में फन जू टाय के सीईओ नरेश कुमार गुप्ता, एमएफएस फोर्मवर्क के रोहित शर्मा, मक्जिम ई-व्हीकल के सीईओ अतुल कुमार सचान,


एमएफएस फोर्मवर्क के रोहित शर्मा को सम्मानित करते केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह ● जागरण

अकार्ड ट्रांसफार्मर एंड स्विचगियर के एमडी प्रदीप कुमार वर्मा, सुरभि ग्लास के एमडी सुनील शाह, प्रयाग स्टील रोलिंग मिल्स के एमडी हेमंत कुमार, ओरिजनल इलेक्ट्रिकल्स के सीईओ आशीष बलदावत, मां लक्ष्मी ई-व्हकिल के एमडी दीपांशु मेहता, जिमस्टार इंडिया के निदेशक संजय सिंह और अजय सिंह, फ्यूजन इंडस्ट्रीज के एमडी त्रिलोक चंद चांदना, वंश इंडस्ट्री के विकास रुंगता, लिटपैक्स टेक्नोलाजी के निदेशक साहिल गोयल, ज्ञानी आइसक्रीम के निदेशक गुरबजन सिंह, पैरामाउंट यूनिवर्सल के एमडी व सीईओ सनी गुप्ता, क्वालिटी स्टील्स के चेयरमैन मदनलाल गोयल व अजय बंसल, बीएनएएल प्रीफैब्स के निदेशक निखिल गुप्ता, सील ल्युबे टेक्नोलाजी के एमडी मुनीश गर्ग, अनेय पालीटेक एंड फर्टीलाइजर के एमडी यशपाल सिंह यादव, डाक्टर बिश्वास गुड हेल्थ के एमडी व चेयरमैन डा. असीम कुमार बिश्वास, एलायंस आटोमेशन सिस्टम के निदेशक प्रदीप शर्मा, शिनो पेन्ट्स एंड कैमिकल्स के एमडी अखिलेश गुप्ता, भवानी फायर प्रोटेक्शन के निदेशक हितेश कुमार शर्मा व एमडी जितेंद्र कुमार शर्मा, अबेक्समैटिक हाइड्रौलिक्स के एमडी सुरेंद्र कुमार शर्मा, एलएमआइ के निदेशक मार्केटिंग एंड सेल्स मोहन पंडित, ई-आशवा आटोमेटिव के सीईओ व सीएफओ विकास गुप्ता को सम्मानित किया गया। इस मौके पर दैनिक जागरण दिल्ली एनसीआर के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट मार्केटिंग रवि कुमार पांडेय, वरिष्ठ महाप्रबंधक मार्केटिंग सीपी कपिल, नकुल त्यागी, विजय आदि रहे।


ओरिगनल इलेक्ट्रिकल के एमडी लखनलाल, सीईओ आशीष बलदावत को केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने किया सम्मानित ●


आन्या पालीटेक एंड फर्टीलाइजर के एमडी यशपाल सिंह को केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह व सांसद मनोज तिवारी ने किया सम्मानित ●


एलायंस आटोमेशन सिस्टम के निदेशक प्रदीप शर्मा को सांसद मनोज तिवारी ने किया सम्मानित।जागरण


सी ल्युब टेक्नोलाजी के एमडी मुनीश गर्ग को केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने किया सम्मानित ● जागरण


ई-आशवा आटोमेटिव के सीईओ व सीएफओ विकास गुप्ता को केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह व सांसद मनोज तिवारी ने किया सम्मानित ●


शिनो पेंट्स एंड केमिकल्स के एमडी अखिलेश गुप्ता को सम्मानित करते केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह ● जागरण


डाक्टर बिश्वास गुड हेल्थ के एमडी व चेयरमैन डा. असीम कुमार को सांसद मनोज तिवारी ने किया सम्मानित ● जागरण


मां लक्ष्मी ई-व्हीकल के एमडी दीपांशु मेहता व निदेशक वंश मेहता को केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने किया सम्मानित ●


फन जू टाय के नरेश कुमार गुप्ता को केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने किया सम्मानित ● जागरण


अकार्ड ट्रांसफार्मर एंड स्विचगियर प्राइवेट लिमिटेड के एमडी प्रदीप कुमार वर्मा और निदेशक शालिनी सिंह को केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने सम्मानित किया ● जागरण


पैरामाउंट यूनिवर्सल के एमडी व सीईओ सनी गुप्ता औरसीओओ शक्ति रलहान को केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने किया सम्मानित ● जागरण


सुरभि ग्लास के एमडी सुनील शाह और निदेशक सुरभि शाह को केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने किया सम्मानित ● जागरण


बिनायल प्रीफैब्स के निदेशक निखिल गुप्ता को केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने किया सम्मानित


वंश इंडस्ट्रीज के मैनेजिंग पार्टनर विकास रुंगता को केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने किया सम्मानित


ज्ञानी आइसक्रीम के निदेशक गुरबचन सिंह को केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने किया सम्मानित


लिटपैक्स टेक्नोलाजी के निदेशक साहिल गोयल को केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने किया सम्मानित


एलएमआइ के मार्केटिंग एंड सेल्स निदेशक मोहन पंडित को केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह व सांसद मनोज तिवारी ने किया सम्मानित ● जागरण

# लोगों को दिलाया प्लास्टिक छोड़ने का संकल्प

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** बलिदानी भगत सिंह की जयंती पर जगह-जगह आरडब्ल्यूए ने रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए। नई दिल्ली डीआइजेड एरिया की आरडब्ल्यूए फेडरेशन हम दिल्लीवासी राजधानी नागरिक कल्याण समिति ने गोल मार्केट के शहीद भगत सिंह कांप्लेक्स में कार्यक्रम किया। इसमें उपजिलाधिकारी गीता ग्रोवर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने भगत सिंह की माता विद्यावती कौर के नाम पर पौधारोपण किया। भगत सिंह की प्रतिमा पर लोगों ने पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में आए लोगों को प्लास्टिक छोड़ो का संकल्प दिलाया गया और कपड़े के थैले बांटे गए।

दिशिका सोलंकी व पार्थ धारीवाल ने सेना की वर्दी पहनकर नृत्य किया। कवि पंकज राणा, बबीता राणा, सविता सिंह ने कवि पाठ किया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। देबू मुखर्जी ने देशभक्ति गीतों से लोगों का मन मोहया। कार्यक्रम में फेडरेशन के अध्यक्ष प्रीतम धारीवाल ने भगत सिंह की जीवनी के बारे में लोगों बताया। मंच का संचालन चेतना ने किया।


बलिदानी भगत सिंह की जयंती पर विधानसभा में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाता के साथ दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ● सौजन्य : विधानसभा कार्यालय

## युवा आज के भारत के निर्माता : गोयल

**वि., नई दिल्ली :** बलिदानी भगत सिंह की 115वीं जयंती पर विधानसभा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई विधायक, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारियों के साथ-साथ अन्य लोग भी उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने भगत सिंह को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण बलिदान कर दिए। उनका यह बलिदान भुलाया नहीं जा सकता है। उनकी स्मृति में दिल्ली सरकार ने 50 स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। यदि हमारे रक्त देने से किसी की जान बच सकती है, तो यह बलिदानी भगत सिंह के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। गोयल ने युवा पीढ़ी को आह्वान करते हुए कहा कि वह आज के भारत के निर्माता है। समाजसेवा में अच्छा योगदान दे सकते हैं।

## महिलाओं की सुरक्षा करने का लिया संकल्प

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली :** बदरपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वाभिमान देश का संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बिधूड़ी ने शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई। सेना के सदस्यों ने महिलाओं की सुरक्षा का संकल्प लिया।

सुरेंद्र सिंह बिधूड़ी ने कहा कि जिले में महिलाओं से जुड़ी आपराधिक घटनाएं काफी बढ़ गईं, जिसे देखते हुए संगठन द्वारा स्वाभिमान सेना का गठन किया गया। यह सेना प्रशासन के साथ मिलकर स्कूलों की छुट्टी के समय असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाएगी। इसकी शुरुआत आज मोलड़बंद स्कूल से कर दी गई। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह बिधूड़ी ने कहा कि स्वाभिमान सेना स्वाभिमान देश के संगठन का एक अंग है, जो बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## भगत सिंह के शैक्षणिक पक्ष से भी प्रेरणा लें विद्यार्थी : प्रो. योगेश

**जासं, नई दिल्ली :** डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को बलिदानी भगत सिंह के शैक्षणिक पक्ष से भी प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके क्रांतिकारी पक्ष पर बहुत लेखन और चर्चा हुई, लेकिन उनके शिक्षा के पक्ष को बहुत ही कम उकेरा गया है। प्रो. सिंह बुधवार को बलिदानी भगत सिंह की जयंती पर डीयू के वाइस रीगल लाज के तहखाने में बनी भगत सिंह की कोठरी में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद बोल रहे थे। कुलपति ने कहा कि भगत सिंह हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी, पंजाबी, बंगला और आयरिश भाषाओं के अच्छे ज्ञाता होने के साथ-साथ अच्छे वक्ता, अच्छे पाठक और अच्छे लेखक भी थे। विभिन्न अखबारों में लेखन के साथ ही उन्होंने अकाली और कीर्ति नामक दो अखबारों का संपादन भी किया। जेल में रहते हुए भी उनका अध्ययन लगातार जारी रहा।


प्रो. योगेश सिंह ●

# मच्छरों का प्रजनन मिलने पर एक साल में एमसीडी ने काटे 33,226 चालान

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने डेंगू के मामले बढ़ने पर सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। निगम कर्मचारी मच्छरों के प्रजनन के स्थानों जैसे, निर्माण स्थलों, घरों, संस्थानों और जलाशयों की निगरानी कर रहे हैं। इस साल अब तक डीबीसी कर्मचारियों ने करीब 2.5 करोड़ घरों का निरीक्षण किया है, जिसमें एक-एक घर की कई बार जांच शामिल है। मच्छरों का प्रजनन पाए जाने पर 91,462 नोटिस दिए गए और 33,226 चालान काटे।

निगम के अनुसार, मच्छरों का प्रजनन पाए जाने पर 12,659 भवन स्वामियों से करीब 30 लाख 68 हजार रुपये जुर्माने के रूप में वसूले गए। रामलीला मंचन स्थलों व दुर्गा पूजा पंडालों में फागिंग की जा रही है, ताकि वहां पर मच्छरों के प्रजनन की रोकथाम हो सके। रामलीला मंचन व दुर्गा पूजा कमेटियों से भी आग्रह किया जा रहा है कि वे अपने प्रांगणों में सफाई का विशेष ध्यान रखें।

**इलाके में बढ़ रहे हैं मच्छर तो यहां शिकायत करें**

- मध्य क्षेत्र 9560889714, 011-20886404
- दक्षिणी क्षेत्र 7827505635, 011-26513077
- पश्चिमी क्षेत्र 8375094397, 011-25103415
- नजफगढ़ क्षेत्र 7290083006, 011-28014535
- केशवपुरम क्षेत्र 8851175780
- रोहिणी क्षेत्र 9811287479
- करोल बाग क्षेत्र 9910745170
- नरेला क्षेत्र 9999836002
- सिविल लाइंस क्षेत्र 9899449371
- सिटी सदर पहाड़गंज क्षेत्र 9868487653
- शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र 8826020350
- शाहदरा उत्तरी क्षेत्र 9990135603, 011-22820739

## सौर ऊर्जा के लिए एमसीडी ने सेकी से किया करार

**जासं., नई दिल्ली :** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) क्षेत्र में सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए एमसीडी ने भारतीय सौर ऊर्जा निगम लिमिटेड (सेकी) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। निगम मुख्यालय में एमसीडी के विशेष अधिकारी अश्वनी कुमार व आयुक्त ज्ञानेश भारती के समक्ष यह समझौता हुआ। एमसीडी की ओर से मुख्य अभियंता संदीप शर्मा और एसईसीआई के निदेशक (सौर) संजय शर्मा द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। एमसीडी के अपने ही 1800 निगम भवन हैं, जिसकी छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जा सकते हैं। 1186 स्कूलों, 289 सामुदायिक सेवा भवनों, 251 स्वास्थ्य विभाग भवनों और 75 कार्यालयों और अन्य भवनों सहित निगम भवनों का उपयोग सेकी द्वारा छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए किया जा सकता है।